# KPU, आर्ट्स फैकल्टी में शैक्षणिक अखंडता

## यदि आर्ट्स फैकल्टी में आपकी कथित शैक्षणिक अखंडता के उल्लंघन के लिए रिपोर्ट की जाती है तो क्या होता है?

1. **अधिसूचना**

   यदि आपकी किसी ऐसे कोर्स के लिए एक कथित शैक्षणिक अखंडता उल्लंघन के लिए रिपोर्ट की गई है जो KPU में आर्ट्स फैकल्टी में है, तो आपको "SPO no reply" से एक ईमेल सूचना प्राप्त होगी जिसका विषय होगा "Alleged Integrity Breach Reported"। अधिसूचना में जानकारी शामिल होगी जैसे कि रिपोर्ट से संबंधित कोर्स, घटना की तारीख, कथित उल्लंघन का प्रकार, साथ ही कथित उल्लंघन से जुड़ी परिस्थितियां।

   अधिसूचना ईमेल यह भी बताती है कि क्या आप स्वीकार करते हैं और पहचानते हैं कि आपने यह अकादमिक अखंडता उल्लंघन किया है, और निष्कर्ष को चुनौती नहीं देना चाहते हैं, तो आपको इस बिंदु पर और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। आपके प्रशिक्षक द्वारा आपके असाइनमेंट पर जुर्माना लगाया जाएगा और हम अपने रिकॉर्ड में उल्लंघन को नोट करेंगे। हम आपको एक शैक्षणिक अखंडता ट्यूटोरियल के साथ सही रास्ते पर वापस आने के लिए कुछ सुझाए गए संसाधन भी भेजेंगे।

   ***यदि आप आरोपों पर चर्चा करना, उन पर विवाद करना, उनसे इनकार करना या उनका विरोध करना चाहते हैं, तो आपको इस संदेश के प्रसारण के 10 व्यावसायिक दिनों के भीतर अप्वाइंटमेंट की व्यवस्था करने के लिए डीन के कार्यालय से संपर्क करना होगा ताकि आपके मामले पर फैसला किया जा सके। यदि आप मीटिंग निर्धारित करना चाहते हैं, तो कृपया अगले 10 व्यावसायिक दिनों के भीतर arts@kpu.ca से संपर्क करें।**

   अनुरोध करने पर प्रासंगिक सहायक दस्तावेज (उदाहरण के लिए, असाइनमेंट हैंडआउट या आपका काम) की प्रतियां प्रदान की जा सकती हैं।

2. **मीटिंग**

   यदि आप रिपोर्ट अधिसूचना प्राप्त करने के 10 व्यावसायिक दिनों के भीतर arts@kpu.ca पर संपर्क नहीं करते हैं, तो आपकी भागीदारी के बिना जांच आगे बढ़ेगी।

   यदि आप एक मीटिंग का अनुरोध करते हैं, तो आपके और एक एसोसिएट डीन या नामित व्यक्ति के साथ एक अपवाइंटमेंट निर्धारित की जाएगी। मीटिंग के दौरान, आपको स्थिति पर चर्चा करने और प्रश्न पूछने का अवसर मिलेगा। एसोसिएट डीन या नामित व्यक्ति कुछ ऐसे संसाधन भी सुझा सकते हैं जो आपके लिए सहायक हो सकते हैं।

3. **निर्णय**

एसोसिएट डीन रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे, बैठक में चर्चा की गई किसी भी अतिरिक्त जानकारी पर विचार करेंगे और तय करेंगे कि क्या अकादमिक अखंडता का उल्लंघन हुआ है। यदि वे निर्णय लेते हैं कि उल्लंघन हुआ है, तो वे इस बारे में भी निर्णय लेंगे कि उल्लंघन के संबंध में क्या परिणाम होंगे। आमतौर पर, यदि यह पहली बार है जब छात्र की अकादमिक अखंडता के उल्लंघन के लिए रिपोर्ट की गई है, तो समाधानअसाइनमेंट पर शून्य का स्कोर होगा। यदि यह छात्र का रिपोर्ट किया गया दूसरा उल्लंघन है, तो सामान्य समाधान कोर्स में ग्रेड में फेल होना है। यदि यह छात्र का तीसरा उल्लंघन है, तो विश्वविद्यालय से निलंबन की सिफारिश की जा सकती है।

निर्णय लेने के बाद, आपको arts@kpu.ca की ओर से एक ईमेल प्राप्त होगा जिसमें निर्णय और समाधान(समाधानों) की व्याख्या करने वाला एक ईमेल होगा। पत्र में आपकी पढ़ाई में आपकी सहायता करने और आगे के उल्लंघनों को रोकने में सहायता के लिए उपलब्ध संसाधनों पर कुछ जानकारी भी शामिल होगी।

यदि निर्णय पुष्टि करता है कि उल्लंघन हुआ है, तो इस उल्लंघन का एक रिकॉर्ड रजिस्ट्रार के कार्यालय में रखा जाएगा, लेकिन यह आपकी आधिकारिक KPU ट्रांस्क्रिप्ट पर दिखाई नहीं देगा।

नीति ST2 (हाइपरलिंक) के अनुसार, आपको इस निर्णय पर अपील का अनुरोध करने का अधिकार है। इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, आपको रजिस्ट्रार के कार्यालय में एक अपील फॉर्म (हाइपरलिंक) जमा करना होगा।

## अकादमिक अखंडता क्या होती है?

KPU की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि अकादमिक कार्य अखंडता के उच्च मानकों के साथ किया जाए। इसका मतलब यह है कि एक छात्र के शैक्षणिक कार्य को अपने स्वयं के ज्ञान और कौशल को प्रतिबिंबित करना चाहिए और उसे दरसाना चाहिए। शैक्षणिक अखंडता पर KPU की नीति, नीति ST2 (हाइपरलिंक) है।

### अखंडता उल्लंघन के उदाहरण क्या हैं?

- **धोखाधड़ी** - परीक्षा के दौरान किसी अन्य व्यक्ति के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करना या परीक्षा के दौरान या उसके संबंध में अनधिकृत सामग्री का उपयोग करना
- **साहित्यिक चोरी** - किसी और के शब्दों, विचारों या डेटा का स्वीकार किए बिना उपयोग करना, भले स्रोत कोई भी हो (पाठ, इंटरनेट, आदि); किसी अन्य व्यक्ति द्वारा तैयार किए गए कार्य को प्रस्तुत करना और उसे स्वयं के कार्य रूप में जमा करना करना; एक ही अकादमिक मूल्यांकन को या उसके हिस्से को एक से अधिक बार जमा करना
- **मनगढ़ंत** - कल्पित जानकारी का जानबूझकर उपयोग या अनुसंधान या अन्य निष्कर्षों की गलतबयानी

- **दस्तावेजों की जालसाजी या गलतबयानी** - मेडिकल नोट्स, किसी अकादमिक रिकॉर्ड या ट्रांस्क्रिप्ट, या एक आवेदन पत्र सहित शैक्षणिक मामलों के संबंध में युनिवर्सिटी द्वारा आवश्यक किसी भी दस्तावेज को गलत तरीके से पूरा करना, बदलना या गलतबयानी करना
- **धोखा** - अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए भ्रामक जानकारी प्रदान करना या जानकारी छोड़ना
- **अखंडता का उल्लंघन करने में किसी अन्य छात्र की सहायता करना** - दूसरे छात्र को परीक्षा के उत्तर देखने की अनुमति देना; अकादमिक मूल्यांकन या ऑनलाइन पोस्टिंग पर किसी दूसरे की जगह लेना या जगह लेने के लिए सहमत होना; किसी अन्य छात्र की नकली दस्तावेजों बनाने में मदद करना; या किसी अन्य छात्र की किसी अन्य अखंडता उल्लंघन में सहायता करना
- **मिलीभगत/अनधिकृत सहयोग** - किसी शैक्षणिक मूल्यांकन पर, जिसे व्यक्तिगत रूप से पूरा किया जाना है, प्रशिक्षक की अनुमति के बिना किसी छात्र या छात्रों के साथ मिल कर काम करना
- **कॉपीराइट का उल्लंघन** - एक अकादमिक मूल्यांकन की तैयारी में, कनाडाई कॉपीराइट अधिनियम या कॉपीराइट अनुपालन से संबंधित युनिवर्सिटी की किसी भी नीति के प्रावधानों का पालन करने में विफल होना

**शैक्षणिक सफलता के लिए छात्र संसाधन:**

1. अकादमिक अखंडता ट्यूटोरियल से परिचय: आप इस लिंक के माध्यम से अकादमिक अखंडता के बारे में इस संसाधन तक पहुंच सकते हैं: https://www.kpu.ca/academicintegrity/introduction-to-academic-integrity. यदि आपने इस ट्यूटोरियल को पहले ही पूरा कर लिया है, तो आपको इसे दोहराकर अपने ज्ञान को ताज़ा करना चाहिए।

2. KPU लर्निंग सेंटर: लर्निंग सेंटर शैक्षणिक कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए सभी छात्रों का समर्थन करते हैं और सफलता के लिए कई तरह की सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में ऑनलाइन सहायता और संसाधन, व्यक्तिगत रूप से शिक्षण, और विभिन्न उपयोगी कार्यशालाएं शामिल हैं। आप इस लिंक के माध्यम से अधिक जान सकते हैं और अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं: https://www.kpu.ca/learningcentres. मैं आपको अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए एक लर्निंग सेंटर के साथ अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए प्रोत्साहित करता/करती हूं।

3. अकादमिक सलाह: KPU के अकादमिक सलाहकार कोर्स और कार्यक्रम की योजना बनाने, स्नातक आवश्यकताओं, तथा और बहुत कुछ के संबंध में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकते हैं। https://www.kpu.ca/advising

4. परामर्श सेवाएं: KPU छात्र जीवन के दबावों और तनावों को प्रबंधित करने के लिए सभी छात्रों को सहायता प्रदान करता है। आप इन महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में इस लिंक के माध्यम से अधिक जान सकते हैं: https://www.kpu.ca/counselling.

5. KPU का 24/7 छात्र सहायता कार्यक्रम - Keep.meSAFE द्वारा मेरा SSP: यह मानसिक स्वास्थ्य छात्र सहायता कार्यक्रम दिन में 24 घंटे, प्रति सप्ताह सात दिन उपलब्ध है, और इसे KPU और Keep.meSAFE द्वारा बनाया गया था। छात्रों के पास बहुभाषी परामर्शदाताओं तक पहुंच है जो कई प्रकार की चिंताओं को दूर करने के लिए तत्काल सहायता और रेफरल प्रदान कर सकते हैं। ऐप डाउनलोड करें या 1.844.451.9700 पर कॉल करें। इस लिंक के माध्यम से इस सहायता कार्यक्रम के बारे में अधिक जानें: https://kpu.ca/keepmesafe

6. क्वांटलेन स्टूडेंट एसोसिएशन (KSA) पीयर सपोर्ट रिसोर्स सेंटर: यह छात्र-नेतृत्व वाली पहल KPU समुदाय के भीतर इष्टतम मानसिक स्वास्थ्य और समग्र तंदुरुस्ती को बढ़ावा देती है। वे एक-के-साथ-एक साथी सहायता सेवाएं, कुछ सेवाओं के लिए रेफरल, चैटरबॉक्स और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं। आप इस पहल के बारे में इस लिंक के माध्यम से अधिक जान सकते हैं: https://www.kusa.ca/ksa-peer-support